दिन– मंगलवार दिनांक– 03 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

प्रदेश में बिहार जीविका निधि सहकारी संघ लिमिटेड में संविदा आधारित छह सौ तेरह पदों और बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना लिमिटेड में आठ सौ अठारह पदों पर नियुक्ति होगी। इसके अलावा समाज कल्याण विभाग में एक सौ नब्बे और लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग में सहायक प्रशाखा पदाधिकारी के बाईस पदों पर नियुक्ति की जाएगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की हुई बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। इसके अलावा कृषि सेवा में नौ नये पदों, सहायक भू–संपदा पदाधिकारी के अड़तीस पदों और सहायक शिक्षा पदाधिकारी के नौ सौ पैंतीस पदों के सृजन को भी कैबिनेट ने मंजूरी प्रदान की। एक अन्य फैसले में मंत्रिमंडल ने घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं के लिए संरक्षण पदाधिकारी को नियुक्त किये जाने को भी मंजूरी दी। इसके अलावा पटना के तत्कालीन ड्रग इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार और जमुई के तत्तकालीन अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी जटा शंकर पांडेय को सेवा से बर्खास्त करने के प्रस्ताव को भी कैबिनेट ने स्वीकृति दी।

——————————————————

आतंकवाद के खिलाफ भारत के कूटनीतिक प्रयासों के तहत कई सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विश्व के कई देशों का दौरा कर रहे हैं। ये प्रतिनिधिमंडल विदेशी नेताओं, वरिष्ठ अधिकारियों, प्रभावशाली थिंक टैंक, मीडिया और प्रवासी भारतीयों से संपर्क कर रहे हैं। जदयू सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में एक और प्रतिनिधिमंडल अपनी यात्रा पूरी कर आज शाम वापस लौटने वाला है। इससे पहले, आज उन्होंने मलेशिया की विदेश मामलों और अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर संसदीय विशेष समिति के साथ बैठक की। उन्होंने प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष से भी मुलाकात की।

——————————————————

मौसम विभाग ने आज प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश, मेघगर्जन और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद और गया जिले में झोंके के साथ तेज हवा चलने की संभावना है।

हवा की गति पचास से साठ किलोमीटर प्रतिघंटे तक रह सकती है। इधर, सीवान जिले में कल देर रात तेज हवा और बारिश से जुड़ी दुर्घटनाओं में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। कई जगह पेड़ और बिजली के खंभे उखड़ गए, जिससे बिजली आपूर्ति और सड़क यातायात प्रभावित हुआ है। आपदा प्रबंधन विभाग ने लोगों से खराब मौसम में सतर्कता बरतने की अपील की है।

———————————————————

आईपीएल क्रिकेट में आज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स के बीच फाईनल मुकाबला होगा। दोनों टीम अपना पहला आईपीएल खिताब जीतने के लिए मैदान पर उतरेंगी। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में यह मैच शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा।

———————————————————

आज विश्व साइकिल दिवस है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने आज ही के दिन वर्ष दो हजार अठारह में साइकिल दिवस मानने की घोषणा की थी। साइकिल के लाभ, स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने को लेकर यह दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर राजधानी पटना सहित पूरे प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। हमारे संवाददाताओं ने बताया कि साईकिल रैली के माध्यम से लोगों को चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया।

———————————————————

पटना सिटी के कंगन घाट पर गंगा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। बारह दिवसीय यह आयोजन पांच जून से शुरू होकर सोलह जून को संपन्न होगा। कार्यक्रम के संयोजक शिशिर कुमार ने बताया कि इसका उद्देश्य गंगा की सफाई के प्रति लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में कम्बोडिया और श्रीलंका समेत कई देशों के कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।